कार्यालय प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय, बरवाला, पंचकूला।

आवश्यक सूचना

No 134/24 Date 9/11/24

राजकीय महाविद्यालय बरवाला, पंचकूला के सभी छात्र/ छात्रों को जानकर खुशी होगी कि दिनांक 14.11.2024 को राजकीय महाविद्यालय बरवाला, पंचकूला में एक दिवसीय 30वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जिसमें 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, (लडके-लडकियां) 4x100 मीटर रिले (लडके) और 4x100 मीटर रिले (लडकियां), तीन टांग दौड, लम्बी कूद, जैवलिन थ्रो, गोला फेंक (लडके-लडकियां) इत्यादि खेलों की प्रतियोगिताएं होंगी। खेल कूद हमारे जीवन का एक अभिन्न अंग है। सभी छात्र इस दिवसीय खेल प्रतियोगिता के लिए अभ्यास करते हुए बढ़ चढ़कर भाग लें। सभी प्रतिभागीयों की सूची दिनांक 12.11.2024 तक तैयार की जाएगी। सभी प्रतिभागी अपने-2 नाम महाविद्यालय की लाइब्रेरी में जाकर श्री प्रदीप कुमार लाईब्रेरी सहायक के पास दर्ज करवाएं, प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवम तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रत्येक प्रतिभागी को कमशः 500/-, 300/-, 200/- रूपये की नगद राशि के साथ-2 प्रतियोगिता प्रमाण-पत्र भी दिया जाएगा। एक प्रतिभागी अपनी ईच्छानुसार किसी भी प्रतियोगिता में भाग ले सकता है। इसके अतिरिक्त सबसे अधिक प्रतियोगिताओं के विजेताओं (लडका एवं लडकी) को उत्कृष्ठ खिलाडी के रूप में 1500/- रूपये की नगद राशी भी प्रदान की जाएगी।

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय, बरवाला,
पंचकूला

स्पोर्टस बोर्ड